卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 98 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦15 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## गंगा घाटों पर उमड़े श्रद्धालु

### कड़ाके की ठण्ड में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

देवप्रयाग/हरिद्वार (उद संवाददाता)। मकर सक्रांति पर्व पर बड़ी संख्या में गंगा स्नान के लिए पहुंची। मकर संक्रांति पर गंगा स्नान, सूर्यपूजा और दान का और भागीरथी के संगम पर श्रद्धालु गंगा स्नान व पूजन के लिए उमड़ पड़े। कई





श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। कड़ाके की ठण्ड के बीच देव डोलियां भी विशेष महत्व होता है। इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व बहुत ही विशेष योग में मनाया जा रहा है। देवप्रयाग में अलकनंदा स्थानों की देव डोलियों ने तड़के दो बजे संगम व गंगा तट पर सूर्योदय से पहले का गुप्त स्नान भी (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार-डंपर की भिड़ंत में चिकित्सक की मौत



देहरादून (उद संवाददाता)। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ढूंढप्रयाग बैंड के समीप कार और डंपर की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार चिकित्सक की मौके पर ही मौत हो गई। चिकित्सक उप जिला चिकित्सालय श्रीनगर के प्रभारी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऋषिकेश के हनुमंतपुरम निवासी चिकित्सक 54 वर्षीय डा. नीरज राय पुत्र गोरीशंकर राय सोमवार को ऋषिकेश से श्रीनगर आ रहे थे। कीर्तिनगर के समीप ढुंढप्रयाग मोड़ पर पहुंचते ही उनकी कार अनियंत्रित होकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो महिलाओं सहित पांच लोग गैंगस्टर में निरूद्ध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने दो महिलाओं सहित पांच अभियुक्तों को गैंगस्टर में निरूद्ध कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाल धीरेन्द्र कुमार कानि. दीप चन्द्र व नरेश जोशी के साथ च्क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान छत्रपाल पुत्र बलदेव प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 02 बंगाली कालोनी आजाद नगर थाना किच्छा, नईम पुत्र रईश अहमद निवासी खेड़ा, नुकता प्रसाद पुत्र रेवा प्रसाद निवासी सिंगौटी चौकी चुरौली डाम थाना बहेड़ी जिला बरेली , शान्ति देवी पत्नी बलदेव सिंह निवासी सिगौटी चौकी चुरौली डाम थाना बहेड़ी जिला बरेली तथा वर्षा पत्नी छत्रपाल निवासी वार्ड नंबर 02 बंगाली कालोनी आजाद नगर थाना किच्छा को हिरासत में ले लिया गया। कोतवाल ने बताया कि उक्त अभियुक्तगणों का एक संगठित गिरोह है। जिसका लीडर छत्रपाल है जो अपने गैंग के सदस्य नईम आदि के साथ मिलकर आपराधिक (शेष पृष्ठ सात पर)

## छोटे भाई की पत्नी से कलयुगी जेठ ने किया दुष्कर्म

काशीपुर (उद संवाददाता)। कलयुगी जेठ ने छोटे भाई की पत्नी को अकेला पाकर बलपूर्वक शारीरिक संबंध बना लिए। विरोध करने पर आरोपी ने दुष्कर्म पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के कोर्ट के निर्देश पर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर थाना आईटीआई निवासी विवाहिता ने बताया कि लगभग 5 वर्ष पूर्व उसका विवाह चौती गांव थाना आईटीआई निवासी एक युवक से हुई। पीड़िता का आरोप है कि बीते 23 सितंबर को जब वह घर में अकेली थी इसी दौरान मौका पाकर उसके अविवाहित जेठ ने बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि यौन संबंध बनाने के बाद आरोपी ने कानूनी कार्यवाही करने के एवज में पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है की घटना के बाद जब उसने इसका विरोध किया तो उसे जबरदस्ती ससुराल वालों ने मायके भेज दिया तब से वह मायके में ही रह रही है। घटना के बाद पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने मामले को अनसुना कर दिया। अब घटना के लगभग 4 माह बाद पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर आरोपी जेठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म

काशीपुर। तलाकशुदा महिला को निकाह का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को हिरासत में ले लिया। खबर लिखे जाने तक अभियुक्त से पूछताछ जारी है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर आईटीआई थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि कुछ समय पूर्व सुहैल सैफी नामक युवक से उसकी शादी हुई थी। शादी के कुछ दिन ठीक-ठाक बीते लेकिन इसके बाद दहेज की खातिर (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरी की योजना बनाते दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने चोरी की योजना बनाते दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से आलानकब बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। ट्रांसपोर्ट नगर चौकी पुलिस चौकिंग के दौरान पंचायत घर के पास पहुंची तो वाशिंग सेंटर की आड़ में दो युवक चोरी की योजना बना रहे थे। जिन्हें पुलिस कर्मियों ने धर दबोचा। उनके पास से आला नकब आदि बरामद हुआ है। पकड़े गए युवकों ने अपने नाम आकाश पुत्र चन्द्र पाल निवासी मोहल्ला चौक बुलन्दशहर (शेष पृष्ठ सात पर)

## छह हजार लेने के चक्कर में एक लाख गंवाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठग लोगों को ठगने के लिए नित नये तरीके निकालते रहते हैं। अब ठगी का एक नया मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर खुद को आंगनवाड़ी का कर्मचारी बताकर अभिभावक को बताया कि उसके बच्चे के लिए सरकार से 6 हजार रूपये आये हैं। इसके बाद उसने एक एप डाउनलोड करवाया। जिसके बाद अभिभावक के खाते से एक लाख रूपये निकल गये। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में जाकिर अली पुत्र साबीर अली निवासी प्रीत विहार कालोनी ने कहा है कि 11नवम्बर 2023 को उसे पास एक अज्ञात व्यक्ति का अज्ञात फोन आया। जिसने कहार कि वह आंगनबाडी से बात कर रहा है। तुम्हारे बच्चे को सरकार की तरफ से 6 हजार रूपये की धनराशी आयी है। उसको प्राप्त करने के लिऐ तुम्हे एक ऐप जिसका नाम एनी डिस्क है। यह ऐप सरकार का ऐप है इसको आप डाउनलोड कर (शेष पृष्ठ सात पर)

### खुद को पुलिस अधिकारी बता उद्योगपति से 80 हजार की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन पर खुद को पुलिस का अधिकारी बताकर एक प्रतिष्ठित उद्योंगपति को उसके परिवार के सदस्य की गिरफ्तारी की झूठी सूचना देकर उससे 80 हजार रूपये ठग लिए जाने का मामला सामने आया है। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में शिवकुमार अग्रवाल पुत्र स्व. केदारनाथ कुमार आक्सीजन लि., रामपुर रोड, रूद्रपुर, ने कहा है कि 23 दिसम्बर 2023 को वह अपने कार्यालय कुमार (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधवा से मारपीट कर फोन और कुंडल छीने



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला आजादनगर ट्रांजिट कैंप में पति पत्नी ने एक विधवा से मारपीट कर उसे घायल कर दिया और उसका फोन तथा कुंडल छीनकर भाग गए। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बिंदु देवी पत्नी स्व. मुकेश वर्मा हाल निवासी राजा कालोनी, ट्राजिंट कैम्प का कहना है कि 14 जनवरी को सायं वह आजाद नगर अपनी सहेली को बुलाने गई थी। रास्ते मे उसे विक्की व उसकी पत्नी अनिता निवासी मछली मार्केट ने रोका। उन्होन फोन माँगा और उन्हें दे दिया। फिर विक्की व उसकी पत्नी ने उसका फोन वापस नही दिया और उसे मारने पीटने लगे। बिंदु का आरोप है कि उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## 'अपनों' को जोड़े रखने में नाकाम 'कांग्रेस' कैसे जोड़ पाएगी 'भारत'?

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा आरंभ होने से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, राहुल गांधी के पांच पांडवों में से एक मिलिंद देवड़ा एवं असम कांग्रेस सचिव अपूर्व भट्टाचार्य ने कांग्रेस को कहा बाय-बाय

-अर्श-

रूद्रपुर। कहते हैं कि जब दिन अच्छे न चल रहे हो तो बड़ी से बड़ी कोशिश भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाती। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में करारी पराजय के सदमे से बाहर निकलने और आगामी लोकसभा चुनाव से पहले हताश-निराश कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने एवं अपना जन आधार मजबूत करने की गरज से भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकालने की कवायद में जुटी कांग्रेस के साथ भी बिल्कुल ऐसा ही हो रहा है। बताना होगा कि मणिपुर के थोबल जिले से कांग्रेस ने कल से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आरंभ कर दी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा 15 राज्यों को कवर करते हुए करीब 6713 किलोमीटर का सफर तय करेगी ।कांग्रेस द्वारा इस यात्रा को गैर राजनीतिक घोषित किया गया है और उसके द्वारा बताया जा रहा है कि पार्टी इस यात्रा के माध्यम से देश एवं देशवासियों को भावनात्मक रूप से जोड़ेगी तथा अन्याय के शिकार लोगों को न्याय देने का भरोसा दिलाएगी ,लेकिन देश तथा देशवासियों को भावनात्मक रूप से जोड़ने के इस बड़े कांग्रेसी अभियान के आरंभ होने से ठीक कुछ घंटे पहले ही महाराष्ट्र के दिग्गज कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा तथा असम कांग्रेस के सचिव अपूर्व भट्टाचार्य ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया ।ज्ञात हो कि



मिलिंद देवड़ा का परिवार लगभग 60 वर्षों तथा अपूर्व भट्टाचार्य पिछले 10 वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं ।ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जब कांग्रेस पार्टी अपने पुराने नेताओं को ही अपने साथ जोड़कर नहीं रख पा रही है तो वह भारत कैसे जोड़ पाएगी? उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज एक के बाद एक पार्टी छोड़ने चले जा रहे हैं। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के ऐन पहले कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले उपरोक्त नेताओं के पूर्व कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, हिमंत विश्व शर्मा, हार्दिक पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, आर पी एन सिंह और सुनील जाखड़ जैसे बड़े नेता कांग्रेस पार्टी से किनारा कर चुके हैं। इतना ही नहीं एक समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बेहद करीबी रहे पांच पांडवों में से एक को छोड़कर अब सभी नेता कांग्रेस को अलविदा कह चुके हैं। कांग्रेस न छोड़ने वाले इकलौते पांडव सचिन पायलट है।बाकी ने बेहतर भविष्य के लिए पार्टी छोड़ने में भलाई समझी है। सचिन पायलट को छोड़ बाकी धुरंधरों ने कैसे और क्यों रास्ता बदला, यह वृत्तांत बड़ा ही दिलचस्प है। राहुल के पांच पांडव में शुमार जितिन प्रसाद ने लोगों के साथ पार्टी की बढ़ती दूरियों का हवाला देकर जून 2021 में कांग्रेस छोड़ दी थी। कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री जितिन प्रसाद का पिता और दादा के समय से कांग्रेस के साथ रिश्ता रहा था। उनके पिता जितेंद्र प्रसाद और दादा ज्योति प्रसाद देश की सबसे पुरानी पार्टी के प्रमुख नेताओं में थे। जितिन प्रसाद को यूपी में बड़े ब्राह्मण चेहरे के तौर पर जाना जाता है। हाईकमान से तवज्जो न मिलने के कारण भी वह पार्टी से नाराज थे ।उसके बाद मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए कांग्रेस (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तरायणी पर्व पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। उत्तरायणी महोत्सव एवं उत्तरायणी कौतिक मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम में पर्वतीय संस्कृति की शानदार प्रस्तुति देकर स्कूली छात्र-छात्राओं व स्थानीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं फीताकाट कर शुभारंभ किया। पर्वतीय समाज के लोगों ने कलाकारों के छोलिया नृत्य के साथ उत्तरायणी पर्व पर नगर के नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। वही बांग्ला,पूर्वांचल,सिख समाज की संस्कृति की भी झलक दिखाई दी। इस अवसर पर उधम सिंह नगर डिस्ट्रिक कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह रावत, नवीन




कलाकारों ने शमां बांधा। नगर में पर्वतीय समाज के लोगों ने शोभा यात्रा निकाली। पर्वतीय उत्थान सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में नगर के ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित उत्तरायणी महोत्सव एवं कौतिक मेला का उधम सिंह नगर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक के मुख्य बाजार, सुभाष चौक होते हुए शोभा यात्रा निकाली। उत्तराखंड की पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं शोभा यात्रा में शामिल हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली छात्र छात्राओं ने उत्तराखंड की वेशभूषा में पर्वतीय संस्कृति से जुड़े एक से बढ़कर एक कुमांऊनी गीत एवं चंद्र जोशी, आन सिंह रावत, मनोहर दत्त तिवारी ,हरेंद्र बिष्ट, गोविंद पोखरिया, उत्तम दास, कार्तिक राय, दिलीप चंद,दीपेंद्र रावत ,निर्मल रावत, राजू डसीला, सुमंत, मुकेश रावत, दिनेश तिवारी, पंकज राय, दिलीप सिंह बोरा, विक्रम सिंह भंडारी आदि मौजूद थे।

# डॉ. काउंट सीजर माइटी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

किच्छा(उद संवाददाता)। नेचुरल इलेक्ट्रोपैथी के जन्मदाता डॉ. काउंट सीजर माइटी का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के अलावा उत्तर प्रदेश के तमाम चिकित्सकों ने भाग लिया। नेचुरल एलेक्ट्रोपैथी रिसर्च एवं डवलपमेंट संस्था द्वारा एलेक्ट्रोपैथी के जन्मदाता डॉ काउंट सीजर माइटी का 215 वां जन्म दिवस पर उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हरीश गिरी गोस्वा, एलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कुँवर वर्धन राठौर ने इस मौके पर उपस्थित उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश से पधारे इलेक्ट्रोपैथी के चिकित्सकों को जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखण्ड सरकार से एलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता दिए जाने हेतु बर्ष 2011 वा 2018 में निवेदन किया गया था।जिसे विधानसभा में भी पेश किया गया था। परन्तु अभी तक मान्यता दिए जाने का मामला अधर में है।प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की गई है लेकिन संस्था का प्रयास जारी है। समस्त चिकित्सकों द्वारा उत्तराखण्ड सरकार से उक्त बिल पर विचार करते हुए प्रदेश में एलेक्ट्रोपैथी निष्ठा मानव सेवा कर अपने दायित्व का निर्वहन करें। इस मौके पर युवा चिकित्सकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हरीश गिरि गोस्वामी, ने की। कार्यक्रम में डॉ भ्रम देव, डॉ वी. के.



चिकित्सा पद्धति को मान्यता दिए जाने की मांग एक स्वर से की गई। जन्म दिवस समारोह में उत्तर प्रदेश लखीमपुर से मुख्य अतिथि के रूप मे आये डॉ वी. वी. धुरिया ने कहा कि एलेक्ट्रोपैथी चिकित्सक ईमानदारी एवं सरकार,डॉ वासित नारायण शुक्ला,डॉ अथर,डॉ शिव मौर्य ,डॉ विश्वजीत हजारा,डॉ ईश्वरी प्रसाद,डॉ यश पाल,डॉ प्रवीन सिंह,डॉ रविंद्र, डॉ फैजी,डॉ होरी लाल,डॉ फयाज अहमद,डॉ जहिद अली,डॉ किरन लता आदि मौजूद थे।

# 21.55 ग्राम स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत ग्राम आजदनगर में हैप्पी कॉलोनी तिराहे के पास से अभियुक्त शिव कुमार ठाकुर उर्फ सिक्की पुत्र ऋषिपाल सिंह ठाकुर निवासी राधास्वामी सत्संग के पास आजादनगर थाना किच्छा जनपद उधमसिंह नगर के कब्जे से 12.35 ग्राम स्मैक तथा ऋषभ अग्रवाल पुत्र अजय कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड नम्बर 3 किशनपुर थाना किच्छा के कब्जे से 9.20 ग्राम स्मैक के साथ



गिरफ्तार किया है। दोनों अभियुक्तगणों से स्मैक के श्रोत के बारे में पूछने पर बताया कि वे दोनों ने स्मैक कसाई मोहल्ला किच्छा निवासी हाफिज से खरीदी हैं। जिस संबंध में जांच जारी है, नशे के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियुक्तों को आज माननीय न्यायालय में पेश करने के पश्चात जेल भेज दिया गया है।इस कारवाही में मुख्य रूप से प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या कोतवाली किच्छा,वरिष्ठ उपनिरीक्षक विनोद सिंह फर्त्याल ,उ0नि0 दीवान सिंह बिष्ट प्रभारी चौकी दरऊ, कांस्टेबल देवराज सिंह ,कांस्टेबल उमेश सिंह, कांस्टेबल कुलदीप सिंह शामिल थे।

# जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया मायावती का जन्मदिन



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बसपा सुप्रीमो बहन मायावती का जन्मदिन आज कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क में जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाते हुए मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष चौधरी शिवपाल, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश महासचिव नन्द गोपाल, विनोद गौतम, जिलाध्यक्ष राजेश गौतम, राम अवतार मौर्य, एड. विजय पाल सिंह, नन्द लाल गौतम, ओम प्रकाश, वकील अहमद मंसूरी, राजकुमार, ओमकार सिंह, महेंद्र सिंह, लेखराज गौतम, चंद्रकेश्वर राय, राम राहुल, छत्रपाल गौतम, राजू शिल्पकार, खूब सिंह, आरडी मिश्रा, लालमुनि, प्रीति मौर्य, मीना देवी, इंदिला देवी आदि मौजूद थे।

# स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

किच्छा। वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड को नशा मुक्त बनाये जाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने क्राउन होटल के बाहर मेन रोड चेकिंग के दौरान सुधांशु कार्की पुत्र दिवान सिंह कार्की निवासी आरटीओ रोड कमलुवा गांजा बाईपास हल्द्वानी थाना मुखानी जिला नैनीताल के कब्जे से 4.5 ग्राम अवैध स्मैक तथा आयुषी भट्ट पुत्री गणेश चन्द्र भट्ट निवासी कमलुवागाजा रोड बाईपास थाना मुखानी जिला नैनीताल के कब्जे से 02.7 ग्राम स्मैक के गिरफ्तार किया गहै।



पूछताछ मे दोनो अभुक्तों ने बताया कि वे दोनो दोस्त है और नशे के आदी है तथा स्मैक बेचते भी है । अभियुक्त को रिमाण्ड हेतु न्यायालय पेश किया जा रहा है। अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में बरामदा स्मैक की कीमत लगभग 7 लाख 2 हजार रूपये आकी गयी है। नशे के विरूद्ध यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम उ0नि0 दीपा अधिकारी ,का0 महेन्द्र सिंह,का0 चारू पन्त आदि थे।

# जय बम बाबा आश्रम में दंपत्ति पर हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम डिमरी नदी स्थित जय बम बाबा आश्रम में आज प्रात: कुछ लोगों ने दंपत्ति पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। संजीव शर्मा पुत्र तुलसी राम शर्मा निवासी ग्राम



धीमरी नदी जय बम बाबा आश्रम बागवाला का कहना है कि दो व्यक्ति आज सुबह 5 बजे दोनों व्यक्ति जय बम बाबा आश्रम आये और आश्रम में से घोड़े खोलने लगे। दोनों घोड़े चुराते देख जब उसने ऐसा करने से मना किया तो उन्होंने उस पर लाठी डडो से वार कर उसका सिर फाड़ दिया। इसी बीच उसकी पत्नी संतोष बीच बचाओ के लिए आई तो उसके साथ भी मारपीट की।

# तीन फरार वारंटी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे थे, को माननीय न्यायालय हल्द्वानी द्वारा जारी वारण्ट के अनुपालन में फरार चल रहे तीन वारंटियों रिजवान पुत्र मो.



सफी उर्फ गांधी निवासी गफूर बस्ती वनभूलपुरा, शाहनबाज पुत्र मो. लतीफ निवासी वार्ड 24 फैजान वनभूलपुरा तथा मो. शादाब पुत्र मो. सलीम निवासी मल्ला बागजाला थाना काठगोदाम को चोरगलिया रोड़ से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी,थानाध्यक्ष, बनभूलपुरा, उ.नि. मनोज यादव, व कानि. मुन्ना सिह शामिल थे।

# 40 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। आईटीआई थाना पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के एक ठिकाने पर दबिश देकर कच्ची शराब की कसीदगी करते हुए एक कारोबारी को दबोचकर 40 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप देखा गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के खिलाफ जिले भर में चलाएं अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने इंस्पेक्टर प्रवीण कोश्यारी के निर्देश पर ग्राम छोटी बरखेड़ी स्थित नहर के किनारे शराब के गैर कानूनी ठिकाने पर छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी गुरदेव सिंह पुत्र स्वर्गीय कृपाल सिंह को दबोचकर मौके से 40 लीटर अवैध कच्ची शराब तथा शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला प्लास्टिक डब्बा आदि कब्जे में ले लिए। कोतवाली लाकर पकड़े गए शराब कारोबारी से जरूरी जानकारी जुटाने के बाद उसका आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया।

# उत्तराणी पर्व पर रंगारंग कार्यक्रमों ने किया मंत्रमुग्ध





किच्छा(उद संवाददाता)। उत्तरायण पर्व के तहत उमंग सांस्कृतिक संस्था द्वारा किच्छा शुगर चीनी मिल के खेल मैदान में दो दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें दर्जनों कलाकारों ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर नागेंद्र शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित दोनों मुख्य अतिथियों द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि उत्तराखंड देव भूमि है यहां हर स्तर पर देव बसते हैं यही नहीं यहां के गीतों,कविताओं में भी देवों का वास झलकता है।एक कवि ने तो प्रकृति को ही अपनी रचनाओँ में पूर्ण रूप से देवी का रूप ही समा दिया। पहाड़ की संस्कृति में भी देव ही बसते है।संस्था द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर जहां मकर संक्रांति के अवसर पर कलाकारों को उत्साहित करने का कार्य है वहीं पर्वतीय समाज के घुघुतिया त्यौहार का महत्व भी आम जनमानस के सामने रखा है। यह रंगा रंग कार्यक्रम दो दिन चलेगा जिसमें कल (आज) घुघुतिया के अवसर पर गड़वाली, कुमाऊनी गायक जितेंदर तोमकियाल, गजेंद्र राणा, कैलाश कुमार, ममता आर्या अपने गीतों से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध करेंगे। संस्था के वरिष्ठ कार्य कर्ता भूपेंद्र पोखरिया ने बताया कि संस्था सर्व समाज के सांस्कृतिक कार्यों को करती रहेगी तथा उभरते कलाकारों को सहयोग भी करेगी। खिलाड़ियों के लिए भी जल्दी खेलों का आयोजन भी करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश शुक्ला श्याम बिस्ट, प्रकाश पंत, इंद्र बनेसी ,प्रमोद रावत, बंटी पपनेजा, कमलेंद्र सेमवाल, ठाकुर कुणाल, नरेंद्र टाकुली, दिलीप सिंह, मोहन सिंह, संदीप अरोड़ा उर्फ सोनू, कैलाश जोशी, चंदन जोशी आदि मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# 40 मुक्तों की याद में पांच बुजुर्गों को किया गया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। सिख इतिहास के 40 मुक्तों के शहीदी दिवस पर पांच बुजुर्ग सेवादारों को विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से शाल भेंट कर सम्मानित किया गया । ग्राम शोका नगला के गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के सहज पाठ के भोग एवं भाई कुलदीप सिंह द्वारा शबद कीर्तन के साथ किया गया । उत्तराखंड सिख मिशन के प्रचारक भाई हरजिंदर सिंह बताया कि मुगलों के साथ जंग के मैदान में गुरु गोविंद सिंह का साथ छोड़कर एवं सेवा का त्याग पत्र देकर 40 सिख सैनिकों द्वारा जब अपने घर पहुंच कर गुरु गोविंद सिंह के चार साहिब जादों एवं माता की शहादत एवं अन्य शहीदों का वृतांत सुनाया तो एक बुजुर्ग माता भाग कौर द्वारा उन्हें दोबारा गुरु की शरण में जाने की प्रेरणा दी , इस दौरान मुगल सैनिक जो कि गुरु गोविंद सिंह का पीछा कर रहे थे, के साथ 40 सिख सैनिकों की भयानक जंग हुई ,जिसमें 40 सिख सैनिक शहीद हो गए थे कुछ समय पश्चात उधर से गुरु गोविंद सिंह जी इस जंग के मैदान में मुक्तसर साहिब पहुंचे और वचन करते हुए उनकी गलतियों को माफ किया आज भी 40 मुक्तों की याद में गु, मुक्तसर साहिब पंजाब में उनकी याद में भारी जोड़ मेला सजाया जाता है । प्रचारक देवेंद्र सिंह द्वारा मकर संक्रांति पर माघ मास की कथा करते हुए सभी को नाम स्मरण करने का आह्वान किया । शहीदों का इतिहास श्रवण कराते हुए संगत को अमृत छक कर गुरु वाले बनने का आह्वान किया । कार्यक्रम में तनवीर कौर, हरमनदीप कौर, जशनदीप कौर एवं लक्षद्वीप सिंह ने सुंदर कविताओं का वाचन किया । ग्रंथी भाई रणजीत सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई ।वहीं नौजवानों द्वारा गुरु साहिब के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प भी लिया गया ।इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी शोका नगला,गुरुद्वारा सिंह सभा केलाखेड़ा ,उत्तराखंड सिख मिशन ,सिख प्रचारक सभा ,सिख मिशनरी कॉलेज सर्किल गदरपुर एवं ग्रंथी सभा द्वारा एक मत होकर 5 बुजुर्ग सेवादारों को सम्मानित किया गया जिनमें 100 वर्षीय बाबा खड़क सिंह, जगतार सिंह, रणजीत सिंह, गुरदयाल सिंह एवं परमजीत सिंह शामिल थे । इस दौरान संगत ने बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारों के साथ बुजुर्गों का स्वागत किया । इस मौके पर परमजीत सिंह, सतनाम सिंह, गुरमीत सिंह, मनप्रीत सिंह, हरजीत सिंह,डॉ,मनोहर सिंह, शरण सिंह,रणजीत सिंह, रंजीत सिंह नरेश सिंह सहित तमाम संगत शामिल थी ।



# धार्मिक समागम में बाबा भूमणशाह को किया याद

गदरपुर(उद संवाददाता)। बाबा भूमन शाह की याद में तहसील गदरपुर के उधम सिंह नगर उत्तराखंड के ग्राम राजपुरा नंबर 2 में आयोजित किए गए भारी जोड़ मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब जी को नमन करने के साथ बाबा भूमन सिंह को भी याद किया गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी भाई गुरचरण सिंह ने बताया कि भारत बंटवारे के उपरांत 1964 में कंबोज एवं अन्य समुदाय के बुजुर्गों द्वारा ग्राम राजपुरा नंबर दो गुरुद्वारा साहिब की स्थापना के साथ बाबा भूमणशाह का मंदिर भी स्थापित किया हर वर्ष 14 जनवरी को भारी जोड़ मेले के दौरान भारी धार्मिक समागम किए जाते हैं। इस वर्ष श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 9 अखंड पाठों के भोग एवं सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई हरियाणा से आए गुलशन कंबोज एवं सैंडी थिंद द्वारा हरजस गायन किया गया तत्पश्चात हजारों की संख्या में संगत द्वारा सहभागिता करते हुए गुरु का लंगर रूपी प्रसाद भी ग्रहण किया । दूरदराज से आई सैकड़ो दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की । उन्होंने बताया कि हर वर्ष इस पवित्र स्थान पर आकर लोग अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर पाठ एवं प्रसाद वितरण करते हैं ।



# गूलरभोज में भाजपा नेता अतुल पाण्डे ने किया उत्तराणी महोत्सव का शुभारम्भ

गूलरभोज(उद संवाददाता)। उत्तराखंड संस्कार भारती गूलरभोज द्वारा आयोजित उत्तरायणी पर्व महोत्सव का उद्घाटन भाजपा नेता अतुल पांडे ने किया और बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया जिसमें विभिन्न लोकगीतों एवं नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। कलाकारों ने कुमाऊनी, गढ़वाली, हिमाचली, पंजाबी, भोजपुरी, बंगाली संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर संस्कार भारती के अध्यक्ष इंदर सिंह राठौड़, विजेंद्र सिंह यादव, तरुण दुबे, गिरीश दुबे, ओमप्रकाश डोगरा, डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, सुरेश कुमार, विपिन बहुगुणा, ईश्वरी डोगरा, चंचल सिंह, अशोक वर्मा, रामकिशन दहूजा, संजीव भटेजा, रतन कपूर, आशीष नेगी, रमेश सागर, संजीव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# पांच फैक्ट्री से प्लास्टिक के सैंपल लिए

काशीपुर। नगर निगम प्रशासक व डीएम उदयराज सिंह और नगर आयुक्त विवेक राय निर्देश पर निगम की टीम ने क्षेत्र में प्लास्टिक के पॉलीथिन एवं पैकेजिंग का सामान तैयार करने वाली फैट्री में छापा मारा।रविवार को सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमरजीत सिंह साहनी ने टीम के साथ रामनगर रोड पर माथुर इंडस्ट्री एरिया में छापा मारा। टीम ने परिसर में आठ फैट्री का संचालन हो रहा था। इनमें से पांच फैट्री में प्लास्टिक पैकेजिंग का माल तैयार किया जा रहा था। टीम ने पांच फैक्टरी के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजे।नगर आयुक्त ने बताया कि पीसीबी की जांच करने पर अगर मानक के अनुरूप नहीं पाए गए तो संबंधित फैक्टरी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं एसएनए राठी ने बताया आयुष ट्रेडर्स, तानिया पॉलीमर, एमबी इंजीनियरिंग एंड ट्रेडर्स, एचआर पॉलिपैक, कुंवर फुटवियर आदि फैक्टरी की जांच की गई।





# रूड़की से आई टीम ने कल्याणी नदी का किया सर्वे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम उधम सिंह नगर मृदुला सिंह ने बताया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूड़की के 24 रिसर्च स्कॉलर्स एवं 2 फ्रोफेसर प्रो0 संजीव कुमार प्रजापति एवं प्रो0 सुबोध कुमार शर्मा के साथ दो दिनों तक कल्याणी नदी का हेल्थ असेसमेंट किया गया। उन्होंने बताया कि इस अध्ययन के दौरान जगतपुरा, रमपुरा, सिडकुल और बुरारानी में सैंपलिंग का कार्य भी किया गया । उन्होंने बताया कि उक्त असेसमेंट के आधार पर एक जल मानक विश्लेषण रिपोर्ट तैयार की जाएगी जिसके आधार पर कल्याणी नदी के संरक्षण में मदद मिलेगी।







# 'सांस्कृतिक उत्सव' का आगाज, कैंची धाम में राम भजन गूंजे

## सीएम धामी ने कैंचीधाम और घोड़ाखाल मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान
## स्वयं सहायता समूह, ग्राम प्रधानों एवं पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित

नैनीताल(उद संवाददाता)। प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों और प्रतिष्ठानों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। रविवार को कैंचीधाम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में 'सांस्कृतिक उत्सव' का शुभारंभ किया। उन्होंने कैंचीधाम और घोड़ाखाल मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर जन जन को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। सर्वप्रथम उन्होंने कैंची धाम में श्री राम शिला की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की। फिर कैंची धाम मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम भजन कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। रामभक्ति में लीन होकर रामभजनों की स्तुति की। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व कैंची धाम में नीब करौरी बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि, शांति, एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम में आए भक्तों को प्रसाद वितरण किया। साथ ही विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों से सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक भी लिया। स्वच्छता अभियान में शामिल पर्यावरण मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह, ग्राम प्रधानों एवं पर्यावरण मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 22 जनवरी का दिन ऐतिहासिक दिन होगा। इस दिन शुभमुहूर्त में रामलला अयोध्या में विराजमान होंगे, जो कि हमारे देश के लिए एक शुभ समय और संकेत है। लंबे वर्षों के इंतजार के बाद रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे है। इस उपलक्ष्य पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में जन सहभागिता से सांस्कृतिक उत्सव और समस्त धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर विशेष साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। हर रोज कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। भक्तों की आस्था, भाव और आने वाले पांच दशकों में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करते हुए सरकार कैंची धाम का मास्टर प्लान तैयार कर रही है। कैंची धाम मास्टर प्लान से आने वाले समय में श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ेगा और सरकार की आर्थिकी सुदृढ़ होगी। रविवार को कैंची धाम पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का महिलाओं ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान सीएम धामी ने 24.68 करोड़ की लागत के शिलान्यास किए। जिसमें सैनिटोरियम से सिरोड़ी मार्ग का सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1214.71 लाख,सैनिटोरियम से नैनीबैंड तक भवाली का निर्माण कार्य सुधारीकरण और डामरीकरण के लिए 1162.32 लाख, कैंची हरतपा – हली मोटर मार्ग का नाम परिवर्तन कर शहीद लांस नायक संजय बिष्ट मार्ग का और नगर निगम हल्द्वानी वार्ड 54 में नीम के पेड़ से प्रताप सिंह बिष्ट के घर तक मार्ग का सुधारीकरण के लिए 90.65 लाख का शिलान्यास किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, विधायक नैनीताल सरिता आर्य, भीमताल राम सिंह कैड़ा, रानीखेत प्रमोद नैनवाल, मंडी बोर्ड अध्यक्ष डा अनिल डब्बू, पेयजल अनुश्रवण समिति अध्यक्ष दिनेश आर्य, जिला महामंत्री रंजन बरगली, नवीन भट्ट, प्रकाश हरबोला, डीआईजी योगेंद्र सिंह रावत, जिलाधिकारी वंदना सिंह, एसएसपी पी.एन मीना, एडीएम पी आर चौहान, नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।









## वितरक संघ ने किया खिचड़ी प्रसाद वितरण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मकर सक्रांति के उपलक्ष्य मे रूद्रपुर वितरक संघ द्वारा नगरवासियों को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमे मुख्य रूप से देवभूमि व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री हरीश अरोरा भी उपस्थित रहे। इस मौके पर रूद्रपुर वितरक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र तनेजा, महामंत्री अमित आर्य, कोषाध्यक्ष सुमित अरोरा, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल,वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षक प्रेम अरोड़ा, कमल फुटेला, गोविंद अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, ओम छाबड़ा, हिमांशु अनेजा, सागर वार्ष्णेय, अजय अरोड़ा इत्यादि मौजूद रहे।

## ग्राम भगवानपुर में निकाली पूजित अक्षत कलश यात्रा

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम भगवानपुर में गत दिवस ग्रामवासियों द्वारा पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। जो श्री शिव मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गों से होकर गुजरती हुई वापस मंदिर में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या नगरी के प्रभु श्री राम मंदिर से आए पूजित अक्षत को घर घर वितरित किया गया। महिलाएं तालियां बजाती हुई भजन करती चल रही थी। भगवान



श्री राम के जयघोषों से ग्राम क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। शोभा यात्रा में कामेश्वर सिंह जेटली, कमल पाण्डेय, रवि शंकर शाह, शिव शंकर वर्मा, भूपेश गुप्ता, अमन यादव, अजय गौड़, शैलेश कुमार सिंह, पुष्पा गुप्ता, विमला जोशी, हेमा जोशी, निर्मला शाह, कंचन पाण्डेय, पूर्व प्रधान शोभा सिंह, संगीता सिंह, राधा बिष्ट, रेनू बिष्ट, बबीता बिष्ट, लता जोशी, ममता व महिमा मिश्रा सहित भारी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

## पूर्वांचल समाज ने मीना शर्मा को किया सम्मानित

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित खिचड़ी कार्यक्रम में पहुंची। जहां पूर्वांचल महासभा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने श्रीमती शर्मा का स्वागत किया। बाद में पूर्वांचल महासभा द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पहुंचकर उन्होंने कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। इससे पूर्व गंगापुर रोड स्थित जेसीज पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में पूर्वांचल महासभा द्वारा खिचड़ी महोत्सव कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोगों के



साथ–साथ अन्य समाज के लोगों ने भी पहुंचकर एक दूसरे को मकर संक्रांति की बधाई दी । कार्यक्रम में जे बी सिंह, राजेश गुप्ता, राकेश सिंह, हिमांशु शुक्ला, निशांत शाही, दुर्गेश मौर्य, वीरेंद्र तिवारी, नंदलाल शर्मा, अवधेश, महानगर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, ग्राम सैजना के पूर्व प्रधान और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय यादव, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रामप्रसाद, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,पूर्व पालिका सभासद इंद्रजीत सिंह, पूर्व नामित पार्षद उमर अली सलमानी, अरशद खान, पार्षद प्रीति साना,कांग्रेस नेता अनिल शर्मा सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# उत्तरायणी मेले में कलाकारों ने बिखेरी लोक संस्कृति की झलक

गदरपुर(उद संवाददाता)।पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में मकर संक्राति पर्व एवं समिति की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित उत्तरायणी पर्व पर कुमाऊं व गढ़वाली की गौरवशाली परम्परा व संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया गया। पारम्पारिक वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते छोलिया नर्तकों के साथ ही लोक कलाकारों की मनोहर प्रस्तुति पर दर्शक भी जमकर थिरके। रविवार को राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे डॉ. नवीन चन्द्र उपाध्याय, विशिष्ठ अतिथि गजेन्द्र सिंह बिष्ट एडवोकेट, प्रहलाद राम आर्या सेवानिवृत्त तहसीलदार, नन्दाबल्लभ भट्ट सेवानिवृत्त विद्युत विभाग, डीगर देव पाण्डे सेवानिवृत्त विद्युत विभाग, पदम सिंह बिष्ट सेवानिवृत्त पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। बाहर से पधारे कलाकार सुपर स्टार लोक गायक सीमा विश्कर्मा, सुपर स्टार लोकगायक गजेन्द्र राणा, सुपर स्टार लोक गायक रमेश बाबू गोस्वामी आदि द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम एवं उत्तराखंड के वाद्य यंत्रों व छोलिया नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डा. नवीन उपाध्याय ने सर्व प्रथम लोगों को मकरसंक्रांति उत्तरायणी पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से भारतीय संस्कृति की छठा उभर कर सामने आती है। वही क्षेत्रीय विधायक अरविन्द पांडेय, पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा एवं रविन्द बजाज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता राजेन्द्र पाल





सिंह ने भी लोगों मकरसक्रांति की शुकामनायें दी, वहीं विशेष अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर समिति संरक्षक भूपेन्द्र सिंह बिष्ट, सुरेश चन्द तिवारी, अध्यक्ष रविन्द्र कुमार आर्या, सचिव मनोज काण्डपाल, उपाध्यक्ष मनोज पाण्डे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष चम्पा पाण्डे, कोषाध्यक्ष अजीत बोरा, उप कोषाध्यक्ष बलवन्त सिंह दानू, उप सचिव गीता पपोला, समाजसेवी ईश्वर गुप्ता, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, टीकम खेड़ा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मोहन सिंह पानू, पूर्व पालिकाध्यक्ष राकेश भुड्डी, एड, संतोष गुप्ता, पूर्व सभासद मनोज गुम्बर, सतीश मिड्ढा, परमजीत सिंह, रविन्द्र सिंह, संजय असगोला, गुलशन शर्मा, एसआई पूरन सिंह तोमर, ललित टम्टा, शिव राणा, जनकवि शेरकोटी सुबोध शर्मा, कै. खड़क सिंह, मुकेश कुमार, संजीव अरोरा, नवीन जोशी, रविंद्र कुमार त्रिपाठी,रामचंद्र रावत सहित काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पंकज काण्डपाल ने किया। कार्यक्रम के अन्त में खिचड़ी का प्रसाद भी वितरित किया गया।

# धार्मिक त्यौहारों का प्रकृति के साथ गहरा सम्बंध: शुक्ला

## पूर्व विधायक शुक्ला ने उत्तराणी पर कई स्थानों पर किया कार्यक्रमों का शुभारम्भ

किच्छा (उद संवाददाता)। उत्तरायणी के अवसर पर लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने शुभारंभ किया। उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति किच्छा द्वारा पुरानी नगर पालिका परिसर में आयोजित उत्तरायणी पर्व एवं उमंग संस्कृति समिति द्वारा चीनी मिल खेल मैदान में आयोजित दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव का शुभारंभ अधिशासी निदेशक त्रिलोक मर्तोलिया के साथ किया एवं मां हाट कालिका इंटर कालेज बिंदुखत्ता में आयोजित उत्तरायणी कौतिक का शुभारभ वरिष्ठ भाजपा नेता दीप कोश्यारी के साथ किया। उत्तराखंड पूर्वांचल महासभा द्वारा आयोजित खिचड़ी महोत्सव में आयोजक मण्डल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। पूर्व विध ायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय पर्व, त्योहारों का संबंध नक्षत्रों, राशियों के अलावा ऋतु परिवर्तन, परंपराओं और लोक संस्कृति से भी है हमारे आध्यात्मिक, पौराणिक ग्रंथों में इनका विस्तार से वर्णन किया गया है, दान पुण्य और धर्म के कार्यों का भी इन पर्व , त्योहारों के साथ गहरा संबंध रहा है। मकर संक्रांति भी इस पर्व, परंपरा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। मकर संक्रांति जहां संस्कृति, समाज और ज्योतिष से जुड़ा पर्व है वही यह विज्ञान और सूर्य से भी उतना ही जुड़ा हुआ है। इससे जुड़े तमाम तथ्य कथ्य सदियों से प्रचलित रहे है। यह पर्व परिवर्तन के एक प्रमुख पड़ाव के रूप में भी प्रतिष्ठित है। मकर संक्रांति के साथ सूर्य का संदर्भ बहुत मजबूती से जुड़ा है, शास्त्रों में सूर्य के तेज, ओज और प्रकाश को लेकर अनेक प्रतिबिंब खींचे गए हैं, अथर्ववेद में कहा गया है जैसे सूर्य प्रकाशमान है, तेज से भरा हुआ है, उसी प्रकार भगवान भास्कर मुझे भी तेज प्रदान करें, एक दूसरे बिंब के अनुसार महाराज सूर्य दक्षिण दिशा को जीतकर, वहां विद्यमान अंधकार और शीत जैसे शत्रुओं का दमन कर अब अपने महान देश भारत को प्रस्थान कर रहे हैं। भारत में उनके इस तेजस्वी रूप की हर जगह जय जयकार हो रही है,इस महान पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति को सूर्य की तरह अपने जीवन को भी आगे बढ़ाना चाहिए, तब उसकी भी वैसे ही जय जयकार होती है जैसे सूर्य की। जिस प्रकार सूर्य नारायण अंधकार एवं शीत से पार पाकर संसार को ठिठुरन और तमस से मुक्त करते हैं, वैसे ही हमें भी अपने अंतरआत्मा रूपी सूर्य से तमस, विकार और विषयों को दूर करके जीवन को प्रकाश से भर देना चाहिए। मकर संक्रांति का वास्तव में यही संदेश है। इसे आत्मसात करते हुए प्रकृति में आ रहे परिवर्तन से तादात्मय में स्थापित कर हम अपने जीवन को सार्थक बनाने में सफल हो सकते हैं। कार्यक्रम आयोजकों द्वारा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपस्थित समस्त जनमानस को उत्तरायणी पर्व एवं मकर संक्रांति व खिचड़ी की बधाई दी।









## उत्तरायणी पर टेंट व्यापारियों ने वितरित किया खजूरे का प्रसाद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा उत्तरायणी के पावन पर्व पर नगर वासियों को उत्थान मंच में आयोजित उत्तरायणी कौतिक के नगर भ्रमण शोभायात्रा में खजूरे का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में



संगठन के अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे, चेयरमैन प्रकाश भट्ट, हरजीत सिंह सच्चर, हेम भगत, भोलादत भगत, चंदन साह, नंदू कर्नाटक, भगवती प्रसाद जोशी, विमल तोलिया, नवीन बोहरा,राजू गोड, मनोज कपिल, सोनू केसरवानी, गिरीश हेड़िया, दीपू भट्ट, गिरिजा नंदन भट्ट, देवेश भट्ट, हरिओम गुप्ता आदि टैंट व्यापारी उपस्थित रहे।

## भोजपुरी गायक सुरेश और मानवी ने किया मंत्रमुग्ध

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर के गांधी पार्क में आयोजित सरस मेले में रविवार को मुख्य आकर्षण भोजपुरी गायक सुरेश कुशवाह और मानवी जया रहे। उन्होंने अपने गीतों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला रहे। उन्होंने मेले में पहुंचे सभी लोगों को मकर सक्रांति की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेले समाज के लिए आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी मेलजोल और भाईचारे की भावना का विकास होता है। साथ ही उन्होंने हा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐसे मेले मील का पत्थर साबित होते हैं। उन्होनें कहा कि आज भाजपा सरकार महिलाओं के विकास के लिए खुले मन से काम कर रही है। जब से केन्द्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सरकार आयी है तभी से देश में महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ रही है। महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। मेले में भोजपुरी गायक सुरेश कुशवाह और मानवी जया ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने भी बहुत सुंदर सुंदर प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया वहीं लोगों ने विभिन्न स्टालों से विभिन्न उत्पादों एवं सामग्री की बढ़ चढ़कर खरीदारी भी की।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा समेत अन्य उपस्थित रहे।





## भाजपाईयों ने मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने विशेष स्वच्छता अभियान के तहत लामाचौड मंडल के बूथ संख्या 151 में विशेष विहार टाउनशिप स्थित मंदिर में श्रमदान एवं सफाई अभियान में प्रतिभाग किया। इस दौरान श्री भट्ट ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था के प्रतीक भगवान श्री रामचंद्र जी के अयोध्या में बन रहे ऐतिहासिक मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हम सब सनातनियों के लिए किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं है। इस ऐतिहासिक क्षण को उत्सव के रूप में देश के जन घर-घर में मना रहे हैं। श्री भट्ट ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को आस्था के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी की मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार इस ऐतिहासिक क्षण की गवाह होगी। इसी उत्सव को देश भर में मनाने के लिए मंदिरों में सफाई एवं स्वच्छता अभियान विशेष रूप से चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष ध ीरज पांडे , पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज सिंह बिष्ट , स्वच्छता अभियान विध ानसभा संयोजक विनोद मेहरा, जिला कोषाध्यक्ष प्रताप बोरा , जिला मंत्री कमल पांडे , प्रमोद बोरा , पूर्व जिला महामंत्री कमल नयन जोशी, प्रधान गणेश शाह, सोबन सिंह भड़, संजय भोजक, मोहन सिंह कैडा , राकेश शर्मा समेत विशेष विहार के निवासी मौजूद रहे।



## धूमधाम से निकली श्री रामजी की शोभा यात्रा

खटीमा(उद संवाददाता)। श्री राम जी की शोभा यात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर मेलघाट रोड़, होटल वेस्ट व्यू कालोनी पंजाबी कालोनी, केडी पांडेय गाली से होती हुए पंजाबी सत्संग भवन वार्ड नंबर 14 में श्री राम जी की आरती के साथ सम्पन्न हुई। प्रथम दिन सर्वधर्म यात्रा मे सैकड़ो की संख्या में राम भक्तों विभिन्न सामाजिक संगठनों पंजाबी महासभा, अग्रवाल सभा, पूर्वांचल महासभा, बाबा श्याम मंडल, रामलीला कमेटी, के राम भक्तो ने शोभा यात्रा में भाग लिया। भगवान श्री राम के भजनों के साथ यात्रा मे शामिल भगत नाचते गाते हुए यात्रा मे सम्मलित हुए, विभिन्न मार्गो से होती हुई यात्रा पंजाबी सत्संग भवन में सम्पन्न हुई, यात्रा मे पंडित भानू प्रताप शास्त्री रमेश चंद्र जोशी मनोज वाधवा, सतीश गोयल, रमेश ढींगरा, मौनी पोखरिया, नीलू गुप्ता, सोनिया सुनेजा, पूजा बत्रा, प्रदीप अग्रवाल ,राहुल सक्सेना, उमेश गोयल,हरि मोहन जोशी, राजीव बंसल, श्री राम अरोरा, मनोज श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, संतोष अग्रवाल, अशोक बत्रा, बाबूराम अरोड़ा, आकर्षण भटनागर, रवि सक्सेना, दर्पण कपूर, विजय गुप्ता, आरती डाबर, नीरज रस्तोगी, भुवन जोशी, आनंद गुप्ता, सुनील गुप्ता, चिरंजीव बत्रा, संजीव सक्सेना, लक्की गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि उपस्थित थे।



## जीडी गोयंका स्कूल में मिनी नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप संपन्न

रूद्रपुर ।जिला टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर और उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से 7वीं मिनी नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप 11 से 13 जनवरी तक जी. डी. गोयंका स्कूल के प्रांगण में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि अमित सिन्हा आईपीएस, एडीजीपी (प्रशासन) समेत शरद चंद जोशी, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, पैरा बैडमिंटन, रामपाल सिंह, पूर्व मेयर घनश्याम श्यामपुरिया, सामाजिक कार्यकर्ता और हिमांशु, एसडीएम बिलासपुर ने कार्यक्रम में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया। वहीं रामपुर के सांसद, घनश्याम सिंह लोधी, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरजिंदर सिंह, ग्राम प्रधान रंधीर सिंह विर्क और पूर्व चेयरमैन बिलासपुर देवकरण गंगवार की भी कार्यक्रम में उपस्थित रही। टूर्नामेंट ने जम्मू कश्मीर, पांडिचेरी, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, एनसीआर व तमिलनाडु जैसे विभिन्न राज्यों व क्षेत्रों के प्रतिभागियों को आकर्षित किया। विद्यालय के प्रबंधक अतुल गोयल ने अपने सम्बोधन में लक्ष्य निर्धारण के रास्ते बताए कि मंजिले यूँ ही नहीं मिलती कुछ कदम तो चलना ही पड़ता है। वहीं दूसरी ओर ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ व बेटियाँ बेटों से कम नहीं जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करके सभी आगंतुकों का दिल जीत लिया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या रुपाली पुरी व प्रबंधिका रुचि गोयल ने सभी भाग लेने वाले छात्रों और कोचों को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।







उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महंगाई और औद्योगिक उत्पादन

तमाम कोशिशों के बावजूद महंगाई पर काबू पाना सरकार के लिए कठिन बना हुआ है। पिछले महीने खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई 9.53 फीसद पर पहुंच गई। इसके पिछले महीने यह 8.70 फीसद पर थी, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 4.90 फीसद दर्ज की गई थी। यह महंगाई दर दालों, सब्जियों और मसालों की कीमतों में अत्यधिक वृद्धि की वजह से दर्ज हुई है। हालांकि अनाज और खाद्य तेलों में मुद्रास्फीति कुछ कम हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक इस स्थिति के लिए पहले से तैयार था। इसीलिए उसने बैंक दरों में कोई बदलाव करने से परहेज किया। उसका मानना है कि सब्जियों और दालों की कीमतों में इस तरह के उतार-चढ़ाव आते रहेंगे और इसके लिए पहले से तैयार रहने की जरूरत है। रिजर्व बैंक की कोशिश रही है कि महंगाई को पांच फीसद से नीचे स्थिर रखा जाए। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मगर इस मामले में उसे कामयाबी नहीं मिल पा रही है। हालांकि इसके उलट, भारतीय अर्थव्यवस्था के दुनिया में सबसे बेहतर यानी सात फीसद से ऊपर रहने का अनुमान लगाया जा रहा है। आर्थिक आंकड़ों के गणित में कुछ बातें बहुत सारे लोगों की समझ से परे या फिर विरोधाभासी लगती हैं। महंगाई के साथ औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आए हैं, जिसमें तेईस में से सत्रह क्षेत्रों का प्रदर्शन निराशाजनक देखा गया है। औद्योगिक उत्पादन अपने पिछले आठ महीने के सबसे निचले स्तर पर यानी 2.4 फीसद दर्ज हुआ है। इसके पीछे उच्च आधार प्रभाव के साथ-साथ उपभोक्ता वस्तुओं और विनिर्माण गतिविधियों में शिथिलता को कारण माना जा रहा है। इसके बावजूद आर्थिक विकास दर में तेजी बताई जा रही है। जब औद्योगिक उत्पादन निराशाजनक हो, उपभोक्ता वस्तुओं की खपत कम हो रही हो, व्यापार घाटा और राजकोषीय घाटा पाटना चुनौती बना हुआ हो, तब भी विकास दर ऊंची बनी रहे, तो इस पर हैरानी स्वाभाविक है। संतुलित विकास के लिए महंगाई दर का नीचे रहना, औद्योगिक उत्पादन का संतोषजनक दर से वृद्धि करना, रोजगार के नए अवसर सृजित होते रहना और बाजार में पूंजी का प्रवाह संतुलित रहना बहुत जरूरी होता है। महंगाई, खासकर खाने-पीने और रोजमर्रा इस्तेमाल की वस्तुओं की खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी, आर्थिक विकास पर नकारात्मक असर डालती है। कोरोनाकाल के बाद कारोबारी गतिविधियां सामान्य ढंग से चल तो पड़ीं, मगर रोजगार और आय के स्तर पर बहुत सुधार नहीं देखा गया। लोगों की कमाई बढ़ नहीं पा रही है। जिन लोगों के रोजगार छिन गए, उनमें से बहुत सारे आज भी खाली हाथ बैठे हैं। इस तरह सबसे अधिक बुरा प्रभाव लोगों की क्रय शक्ति पर पड़ा है। इसकी वजह से कुछ त्योहारी मौसमों को छोड़ दें, तो उपभोक्ता वस्तुओं के बाजार में रौनक अभी तक स्वाभाविक ढंग से नहीं लौटी है। मगर खाने-पीने की वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी कृषि उत्पादों के भंडारण, बाजारों तक उनकी सुगम पहुंच और विक्रय नीतियों में असंतुलन की वजह से अधिक देखी जाती है। यह मौसम आमतौर पर सब्जियों और फलों के उत्पादन के लिहाज से अच्छा माना जाता है। मौसम भी आमतौर पर अनुकूल ही रहा है। फिर भी सब्जियों की कीमतों में सत्ताईस फीसद से अधिक बढ़ोतरी देखी गई, तो खेतों से उपभोक्ता तक उनके पहुंचने में आने वाली दिक्कतों को दूर करने पर विचार की जरूरत है। महंगाई की मार से बचाने के लिए लोगों की क्रयशक्ति बढ़ाने के उपाय जुटाना इस वक्त की बड़ी चुनौती है।

# श्याम संकीर्तन में झूम उठे श्रद्धालु

## हरिधाम के वार्षिकोत्सव में आयोजित हुआ संकीर्तन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज का भव्य वार्षिकोत्सव में रविवार रात विशाल श्री श्याम संकीर्तन आयोजित हुआ जिसमें भजन गायक अमन सवारियाँ एवं भजन गायक विवेक शर्मा हल्द्वनी ने अपने भजनो पर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अमन सवारियाँ के भजन मेरे राम आएँगे ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन गायक विवेक शर्मा ने हारे के सहारे आजा से अपने अन्दाज में भक्तों को रिझाया। इससे पूर्व प्रात: 7बजे दिव्य स्वर्ण श्रृंगार किया गया। प्रात: 9 बजे नवाहन प्ररायण पूर्ण आहुति यज्ञ दोपहर 12बजे महिला संकीर्तन रात्रि 8बजे श्याम संकीर्तन शुरू हुआ जो देर रात तक चला। सोमवार प्रात: 9बजे चालीसा परायण यज्ञ उसके बाद प्रात: दस बजे से रुद्रभिषेक हुआं आज रात 8 बजे से श्री भव्य श्री बालाजी दरबार सजाया जाएगा जिसमें भजन गायक बूंटी पांचल को आर्मंत्रित कियाग या है। 16 जनवरी दिन को प्रात: 9 बजे श्री रामचरितमानस के पंचम सोपान सकल कलिकलुषविध्वंसक श्री सुन्दर काण्ड जी एवं श्री हरि संगकीर्तन प्रात: 11:00 बजे एवं संत समागम होगा दोपहर 1:00 बजे विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग वितरण किया जाएगा । बीती रात संकीर्तन में मन्दिर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सलुजा,राकेश सोनू क्वतरा दिल्ली,आशु गुम्बर,विजय काक्के,कृष्ण मिगलनी,विकास छाबड़ा,सागर कालरा,दीपक कटारिया, चेतन चुघ,बलवान जी,माधव शर्मा,मनीष काक्के,विजय कक्कड़,अमित शर्मा,कमल काक्के,विवेक शर्मा, उज्ज्वल सलुजा,राज कुमार जांगडा,रवि कक्कड़,मनोज चावला,अजय कुमार,अन्नू छाबड़ा,राजेश भट्ट,मनीष श्रीवास्तव,रोहित दिवाकर,रिंकु लम्भा,विशाल कोहली,विमल पाल,राज कुमार भुड्डी आदि समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।







## बाईक सवार उचक्कों ने झपटा मोबाईल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि रोडवेज के समीप बाईक सवार दो उच्चकों ने साईकिल पर सवार युवक के हाथ से मोबाईल झपट लिया और फरार हो गए।मनीष कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार निवासी प्रीत विहार कालोनी का कहना है कि 14 जनवरी रात्रि करीब 8:20 बजे वह दुकान से काम करके घर प्रीत विहार साईकिल से आ रहा था। इसी दौरान रोडवेज के पास पीछ से दो अज्ञात बाईक सवार व्यक्ति द्वारा उसका फोन हाथ से छीनकर भाग गयें। दोनों इन्द्रा चौक की तरफ आये थे। जिनकी बाईक पर नम्बर प्लेट भी नही लगी हुई थी।

## स्मैक बेचने के आरोपी को दबोचा

सितारगंज (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस सिडकुल क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी उन्हें अग्रवाल धर्म कांटा के समीप एक संदिग्ध युवक घूमता हुआ दिखाई दिया तब गश्त कर रही पुलिस ने उसे पड़कर चेकिंग की तो उसके पास से 7.2 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम छिंदर सिंह निवासी ग्राम बिछुआ बताया। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करके उसे न्यायालय में पेश किया कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चंदन सिंह बिष्ट, सुरेंद्र सिंह जानू एवं कपिल कुमार शामिल थे।

## श्रद्धाभाव के साथ मनाया स्वामी गोविंद दास जी का श्रद्धांजलि समारोह

हरिद्वार(उद संवाददाता)। भूपतवाला रानीगली स्थित श्री महंत 1008 स्वामी पुरुषोत्तम आचार्य जी महाराज के नारायण आलयम आश्रम में श्री हनुमान मंदिर गंगोत्री धाम के संस्थापक ब्रह्मलीन स्वामी गोविंद दास जी महाराज का षोडसी समष्टि भंडारा भक्तजनों द्वारा बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री महंत 1008 स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने की। विरक्त वैष्णो मंडल संत समाज ऋषिकेश दिल्ली हरिद्वार तथा गंगोत्री के पावन संतों की गरिमामई उपस्थिति में आयोजित संत समागम को संबोधित करते हुए नारायण अलायम, रानी गली, हरिद्वार के यशस्वी उत्तराधिकारी स्वामी लक्ष्मणदास जी महाराज ने कहा परम पूज्य स्वामी गोविंद दास जी महाराज ज्ञान और त्याग का एक विशाल सरोवर थे। उनके ज्ञान रूपी सरोवर में स्नान करने के बाद भक्तजन अपने जीवन को धन्य और कृतार्थ किया करते थे। पूज्य स्वामी जी ज्ञान और त्याग की एक अखंड मूर्ति थे। उन्होंने सनातन परंपरा को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया। भक्तों को कल्याण का मार्ग दिखाया। नारायण अलायम रानी हरिद्वार के संस्थापक 1008 भागवत भूषण जम्मू कश्मीर पीठाधीश्वर रामानुज दिए गए संस्कारों तथा ज्ञान के माध्यम से भक्तजनों के बीच सदैव विद्यमान रहते हैं । परम पूज्य स्वामी गोविंद जी महाराज ने अपने गंगोत्री धाम के स्थान को महाराज, स्वामी ईश्वर दास जी महाराज, पंडित अशोक सेमवाल, फलाहारी बाबा सीताराम दास, स्वामी भारतभूषण दास, बाबा हठयोगी महाराज , महामंडलेश्वर



सम्प्रदायाचार्य पूज्य स्वामी पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज ने कहा ऐसे तपस्वी साधु संत समाज कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर देते हैं। भक्तों के कल्याण के लिए सदैव तपस्या में लीन रहते हैं, महापुरुष कभी मरा नहीं करते। साकेतवास ब्रह्मलीन होते हैं । वह अपने समाजसेवी पूज्य संत हनुमान वाटिका रामलीला मैदान दिल्ली के संस्थापक परम पूज्य संत कुलभूषण स्वामी रामकृष्णदास जी महाराज को लगभग 25 वर्ष पूर्व सौंप दिया था। आज श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय सन्त स्वामी नवल किशोर दास महाराज, स्वामी दयाराम दास दुर्गादास महाराज , स्वामी रामकृपाल दस जी महाराज, स्वामी प्रणव दास जी महाराज, महंत शत्रुघ्न दास, स्वामी दयाराम दास , महंत जयरामदास, स्वामी चतुर्भुज दास महाराज, धर्मदास महाराज, श्री रामनाथ मिश्रा सहित भारी संख्या में संत महंत और भक्तगण उपस्थित थे।

## बेलगाम मत्स्य पालकों पर नहीं कसा जा रहा है शिकंजा

### मुर्गी के वेस्टीज से तैयार होता है निवाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ागंज तथा कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों तालाबों में मांसाहारी प्रतिबंधित मांगुर मछली की भारी भरकम खेप लगभग तैयार हो चुकी है। मत्स्य पालक प्रतिबंधित मछली को तालाबों से निकालकर बाजार पहुंचने की तैयारी में है। इस बारे में खबर निरंतर प्रकाशित होने की बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहे। कुंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकेले ग्राम मिस्सरवाला मैं स्थित तालाबों की बात करें तो यहां एक-एक तालाब में लाखों प्रतिबंधित मांगुर की बच्चे डाले गए हैं जो अब लगभग पूरी तरह तैयार होने के कगार पर है। प्रतिबंधित मांगुर मछली की खेप यदि बाजारों में उतर गई तो आम लोगों की जीवन पर इसका क्या असर होगा अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। चिकित्सकों की राय में प्रतिबंधित मछली के सेवन से कैंसर एवं हृदय रोग संबंधी गंभीर बीमारियों के अलावा तमाम ऐसी बीमारियां भी इंसान को जकड़ लेती है जिससे छुटकारा पाना नामुमकिन हो जाता है। यही कारण है कि मांगुर मछली के पालन पर सरकार द्वारा पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन इसके बावजूद यहां कुछ भ्रष्ट अधिकारी मत्स्य पालकों से सांठ गांठ कर उनसे मोटी रकम लेकर प्रतिबंधित मांगुर मछली के पालन को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। सूत्रों की माने तो महुआखेड़ागंज तथा कुंडा थाना क्षेत्र के दर्जनों तालाबों में प्रतिबंधित मांगुर मछली हजारों कुंतल की तादाद में तैयार हो चुकी है। तालाबों में खुले आम पाली जा रही प्रतिबंधित मांगुर मछली को चारा देने के लिए मुर्गी के वेस्टेज को मशीन में पीसकर उसे पानी में डाला जाता है। मत्स्यपालक इसके अलावा अन्य जानवरों के भी रद्दी मांस को औने-पौने दामों में खरीद कर उसे तालाबों तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं।

## कुश्ती दंगल में पहलवानों को बढ़ाया हौंसला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ग्राम बिंदुखेड़ा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा आयोजित 72 वॉ विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतियोगिता का शुभारम्भ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व बाबा प्रताप सिंह ने किया । कमेटी पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक ठुकराल को अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया मे। इस दौरान विभिन्न स्थानों से पहुंचे कुश्ती पहलवानों ने अपने दाँव -पेंच दिखाकर दर्शकों को रोमांचित कर दिया । सैकड़ों लोगों ने तालियां बजाकर पहलवानों का उत्साहवर्धन किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि बिंदुखेड़ा गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के तहत कुश्ती जैसे महान खेल को प्रतियोगिता में अग्रणी रखकर समाज को एक सुंदर संदेश दिया है। इस दौरान ग्राम प्रधान कंबल सिंह गुरुद्वारा प्रधान प्रीतम सिंह क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरबाज सिंह, गुरचरन सिंह, अमनदीप सिंह, कमलजीत सिंह, सोनू सिंह, बलविंदर सिंह घोघा, कुलवंत सिंह, जरनैल सिंह, रंजीत सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमुख सिंह, गुरचरण सिंह, जोगेंद्र सिंह, सतनाम सिंह, मलकीत सिंह, रोशन सिंह जसवंत सिंह, रेनू कौर, भजन कौर, निर्मल कौर, परमजीत कौर, चरण कौर, बलजीत कौर, गीता कौर, सिमरन कौर, जसवंत सिंह, राजा सिंह,मलकीत सिंह, जगजीत सिंह, मुख्त्यार सिंह, अमनजीत सिंह, करनजीत सिंह, पूरण सिंह, रंजीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुनीता कौर, बलविंदर सिंह, राजा सिंह, अमरीक सिंह, संदीप सिंह अजय नारायण ललित बिष्ट बंटी कोली आदि मौजूद थे।



# सांस्कृतिक झांकियों के साथ बागेश्वर में उत्तरायणी मेले का आगाज

## सीएम ने किया वर्चुअल शुभारंभ, पूर्व राज्यपाल कोश्यारी सहित क्षेत्रीय विधायकों ने की शिरकत

बागेश्वर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार रात्रि बागेश्वर में उत्तरायणी मेले के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअल प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि संस्कृति के संरक्षण में मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बागेश्वर में लगने वाले उत्तरायणी मेले का संस्कृति व धार्मिक महत्व है। इससे पूर्व सांसद श्री अजय टम्टा व जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव, विधायक श्री सुरेश गड़िया तथा श्रीमती पार्वती दास समेत जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि इस बार की मकर संक्रांति व माघ माह बेहद खास है क्योंकि इस बार अयोध्या में प्रभु श्री राम विराजमान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र और संस्कृति को प्रत्यक्ष रूप से जानने का अवसर प्रदान करने वाला यह सांस्कृतिक मेला, निश्चित रूप से हमारी आगामी पीढ़ी के लिए सामाजिक समरसता को प्रगाढ़ करने का कार्य करेगा। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी श्री बद्री दत्त पांडे समेत कई सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से कुली बेगार जैसी कुप्रथा का अंत हुआ। उन्होंने उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति का योगदान और स्वच्छता को संस्कार के रूप में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम से पूर्व तहसील परिसर में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों तथा विभिन्न सांस्कृतिक दलों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक झांकी का प्रदर्शन किया गया। जिसका शुभारम्भ महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री भगत सिंह कोश्यारी व राज्य मंत्री श्री शिव सिंह बिष्ट ने किया। मेले के शुभारंभ अवसर पर ब्लॉक प्रमुख बागेश्वर पुष्पा देवी, ब्लॉक प्रमुख गरुड़ हेमा बिष्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा इन्द्र सिंह फर्स्वाण, पूर्व विधायक बलवंत सिंह भौर्याल, कुंदन परिहार, पूर्व जिपं अध्यक्ष दीपा आर्या व विक्रम शाही आदि उपस्थित रहे।







## चैती चौराहे पर होटलों में जमकर पिलाई जा रही है शराब

काशीपुर। चैती चौराहे के आसपास खुले मांसाहारी खाद्यान्न के होटल में जमकर शराब पिलाई जा रही है। पता चला है कि नशे में चूर होकर शराबी यहां देर रात तक उत्पात मचाते हैं। शराबखोरी के इस कारनामे से जहां एक और हाईवे से होकर गुजरने वाले वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर झगड़ा फसाद तथा गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका भी उक्त स्थान पर काफी बढ़ गई है। बता दें कि पिछले कुछ समय से चौती चौराहे के आसपास खुले मांसाहारी खाद्यान्न के होटलों में शाम से लेकर देर रात तक शराबी महफूज ठिकाना बनाए हुए हैं। इन होटल में खुलेआम शराब पिलाई जा रही है। नशाखोरी के बाद गाली गलौज झगड़ा फसाद यहां आम बात है। ऐसे ही सूत्रों का कहना है कि चौराहे के आसपास लगने वाले अंडे के ठेलो तथा फास्ट फूड की दुकानों पर भी पैग से पैग टकराए जा रहे हैं।

## पुलिस ने 31 कछुओं के साथ तस्कर दबोचा

सितारगंज(उद संवाददाता)। पुलिस ने 31 कछुओं के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है। दबोचे गये अभियुक्त के विरुद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी उधम सिंह नगर ने जनपद में आपरेशन प्रहार/अवैध मादक द्रव्य /पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर और क्षेत्राधिकारी सितारगंज महोदय के निर्देशन में चौकी शक्तिफार्म थाना सितारगंज पुलिस ने अभियुक्त राम मंडल निवासी शक्ति फार्म थाना सितारगंज को 31 नाजायज कछुओं साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर 09/50/51 वन्य जीव संरक्षण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## स्वयं सेवक संघ ने धूमधाम से मनाया मकर सक्रांति पर्व

गदरपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार ने मकर सक्रांति का त्यौहार सरस्वती शिशु मन्दिर में धूमधाम से मनाया। स्वयं सेवक कार्यकर्ता एकत्रित होकर सर्व प्रथम ध्वज लगाकर अमृत वचन सुभाषित व गीत गाए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मकर सक्राति पर्व की शुभकामनायें दी। इस दौरान नगर संचालक दीपक सुधा ने कहा कि मकर सक्रांति पर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार द्वारा मनाये जाने वाले छह त्यौहारों में से एक है, जिसे कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जाता है। उन्होंने खिचड़ी का उदाहरण देते हुये बताया कि जिस प्रकार खिचड़ी बनाने के दौरान उसमें डाले जाने वाले व्यजनों को खिचड़ी बन जाने के पश्चात उसे उसमें से बाहर नही निकाला जा सकता हैं, चाहे वों नमक, दाल व उन्य व्यंजन हो, उसी प्रकार जब संघ के कार्यकर्ता एकजुट होकर रहेगे तो उन्हें कोई भी अलग नही कर सकता है। बताया कि इसी दिन सूर्य के पुत्र शनि और सूर्य एक



साथ मिलते हैं व इसी दिन भागीरथी ने गंगा को धरती पर लाया था। इसलिए आज का दिन गंगा स्नान के महत्व का दिन है। यह पर्व भाईचारा और सौहाद्र का पर्व है। वही अशोक मौर्य ने कहा कि सूर्य के उतरायण तथा बिखरे हुए तिल को जिस प्रकार मधुरता स्नेही रूपी गुड़ से बांधकर तिल से लड्डू बनाया जाता है उसी प्रकार हम सभी हिन्दुओं को संगठित होना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के अनुसार क्रांति व परिवर्तन के लिए चार बातों की आवश्यकता होती है। सर्वप्रथम एक विचार जो शाश्वत सिद्धांतों पर आधारित हो। दूसरा चरण है योजना, उसके बाद योजना पूर्ति के लिए संगठन एवं लक्ष्य प्राप्ति।कहा कि हमें संघ में कभी भी एक दूसरे की जात पात को लेकर किसी भी प्रकार के मतभेद को पैदा नही होने देन है। उन्होंने कि बताया कि उत्तरायण से ही रात छोटी होने लगती है और दिन बड़े होने लगते हैं।वही कार्यक्रम के अन्त में खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर पंकज सेतिया, रविन्द्र बजाज, सुबोध शर्मा, जीवन जोशी, दर्शन नेगी, राकेश भुड्डी, धीरज पन्त, सोनू पोपली, विनोद चुघ, राम प्रसाद ध्यानी, योगेन्द्र शर्मा, चंकित हुड़िया, अजय, अर्पण सक्सेना, अमन कामरा, केशव, नन्दकिशोर, अरुण कुमार, अजय बठला, देवेन्द्र सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बुजुर्ग जनों को वितरित किए कंबल

रूद्रपुर। ट्रांजिट कैंप वार्ड नंबर 3 कृष्णा कालोनी में समाजसेवी भूपेंद्र शर्मा के जन्मदिन पर तरुणदत्ता व समाजसेवी उपेंद्र गिरी के नेतृत्व में बुजुर्ग जनों को कड़ कड़ाती ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित किए गए । इस अवसर पर सभी ने भूपेंद्र शर्मा के उत्तम स्वास्थ की कामना की। सभी बुजुर्गों को उनके हाथों से कंबल वितरित करवाया। इस अवसर पर पूर्व निगम नेता प्रतिपक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा है कि आगामी 23 जनवरी



को बहुत ही बृहद तरीके से सभी लोगों को ठंड से बचने के लिए कम्बल वितरित किए जायेंगे। इस अवसर पर उमा सरकार, अर्जुन विश्वास, दिनेश तोमर, वीरेंद्र सिंह, ख्यालीराम, दीपाली राय, दीनबंधु, सविता बर्मन, संध्या देवी, कानन मंडल, देवी मिस्त्री, सोमवती, लाजपति, पूर्णिमा , लता, सीमा देवी, सुनीता देवी, हंस देवी, नैना देवी, बीना पाल, शोभा घोष, दुर्गावती, कार्तिक, कहां शाह, कोरोना मंडल आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**अपनों को जोड़े...**से इस्तीफा दे दिया था। वह कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई में गुटबाजी से परेशान हो गए थे। सिंधिया का कहना था कि वह वरिष्ठ नेता कमलनाथ से मिलने वाले अपमान को अब और बर्दाश्त नहीं कर सकते। सिंधिया को लग रहा था कि पार्टी में युवाओं की अनदेखी की जा रही है। 2018 में उनकी जगह कमलनाथ को सीएम बनाने का फैसला सिंधिया को बिल्कुल पसंद नहीं आया था। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 28 विधायकों के साथ कांग्रेस को छोड़ा था। इसने रातोंरात मध्य प्रदेश में कमलनाथ की अगुवाई वाली सरकार के पांव उखाड़ दिए थे। बीजेपी में शामिल होने पर उन्हें केंद्रीय मंत्री बनाया गया।वहीं राहुल के एक अन्य पांडव आरपीएन सिंह ने 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव से ऐन पहले कांग्रेस को बड़ा झटका दिया था। आरपीएन सिंह ने ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में बीजेपी ज्वॉइन की थी। वह मनमोहन सिंह सरकार में राज्यमंत्री रह चुके थे। आरपीएन सिंह ने भी बेहतर भविष्य के लिए कांग्रेस से नाता तोड़ा। अब पूर्व केंद्रीय मंत्री और दक्षिण मुंबई से पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा भी रविवार को कांग्रेस से इस्तीफा देने के साथ उन युवा नेताओं की फेहरिस्त में शामिल हो गए, जिन्होंने अन्य पार्टियों, मुख्य रूप से बीजेपी में नई पारी शुरू करने के लिए कांग्रेस पार्टी को छोड़ दिया। मुरली देवड़ा के करीबी सूत्रों के अनुसार उन्होंने बहुत लंबे और निरर्थक इंतजार के बाद पार्टी छोड़ी ।है पूर्व लोकसभा सदस्य अपनी ही पार्टी से यह आश्वासन नहीं पा सके कि उन्हें आगामी आम चुनाव में उस मुंबई दक्षिण से चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा, जिस सीट का प्रतिनिधित्व दशकों से उनका परिवार करता रहा है ।महाराष्ट्र के राजनीतिक गलियारे में चर्चा है कि शिवसेना (यूबीटी) खुले तौर पर मुंबई दक्षिण सीट पर दावा कर रही है, लिहाजा कांग्रेस मिलिंद देवड़ा को सीट का आश्वासन देने में असमर्थ थी। ऐसे में पार्टी को अलविदा कहने के अलावा देवड़ा के पास और कोई विकल्प नहीं था। कुल मिलाकर पार्टी नेतृत्व की घोर उपेक्षा के चलते जिस प्रकार से कांग्रेस के धुरंधर नेताओं के पार्टी छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी है ,उससे यूं जान पड़ता है ,जैसे कांग्रेस स्वयं ही पीएम नरेंद्र मोदी के 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे को मूर्त रूप देने पर आमादा है।

**गंगा घाटों पर ...**किया। मकर राशि में सूर्य के प्रवेश के साथ ही संक्रांति पर्व का पुण्यकाल शुरू हो गया है। कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा भागीरथी में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। दर्जनों देव डोलियों की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों की आवाज और मां गंगा के जयकारों से पूरी काशी नगरी गुंजायमान रही। उत्तरकाशी के पौराणिक मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, लक्षेश्वर, शंकर मठ, नाकुरी, देवीधार, गंगोरी अस्सी गंगा तट सहित आदि स्नान घाटों पर तड़के चार बजे ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। स्नान पर्व पर बाडाहाट क्षेत्र के आराध्य कंडार देवता, बाडागड्डी क्षेत्र के आराध्य हरिमहाराज, खंडद्वारी माता, कैलापीर, नाग देवता, घंडियाल देवता, बाल कंडार, नागणी देवी, रनाड़ी के कचडू देवता, डुंडा की रिंगाली देवी, सहित धनारी क्षेत्र नागराजा, त्रिपुरा माता, चंदणनाग, राजराजेश्वारी आदि दर्जनों देवी-देवताओं की डोलियां, ढोल, निशान आदि के साथ हजारों श्रद्धालु उत्तरकाशी पहुंचे और गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। वहीं हरिद्वार में हरकी पौड़ी पर भी गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

**निकाह का झांसा...**पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करने लगा। उत्पीड़न का क्रम जब अधिक बढ़ा तो दोनों के बीच ग्राम बांसखेड़ा निवासी मोहम्मद हनीफ ने तलाक करा दिया। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तलाक के वक्त बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले मोहम्मद हनीफ ने उसे वायदा किया था कि वह अपने पुत्र एडवोकेट अलीम से उसकी शादी करा देगा। इसी पर विश्वास कर तलाक के वक्त आरोपी पक्ष से मिले ढाई लाख रुपए पीड़िता ने मोहम्मद हनीफ को दे दिए। पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद मोहम्मद हनीफ के पुत्र एडवोकेट आलिम ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। वह अलग-अलग होटल तथा रेस्टोरेंट में जाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाने लगा। पीड़िता ने इस बारे में जब मोहम्मद हनीफ से मिलकर निकाह की बात की तो वह गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। निकाह की बात पर आलिम ने भी वादा खिलाफी करते हुए मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 376 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। खबर लिखे जाने तक आरोपी अधिवक्ता से पूछताछ जारी है।

**कार डपर की ..**सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चिकित्सक नीरज राय की मौके पर ही मौत हो गई। एसएसआई कीर्तिनगर कुंवर राम आर्या ने बताया कि हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को देने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।साथ ही चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर आने पर आगे विधिक कार्रवाई की जाएगी।

**दो महिलाओं सहित...**घटनाओं को अंजाम देते हैं। इस गैंग के विरुद्ध आम जनमानस एंव विद्यार्थी वर्ग में इतना डर एंव भय व्याप्त है कि कोई भी व्यक्ति इनसे स्वयं अपनी एवं अपनी सम्पत्ति सो असुरक्षित महसूस करता है तथा इनके विरुद्द रिपोर्ट लिखाने एंव गवाही देने की हिम्मत नही कर पाता है। उन्होंने बताया कि गैंग लीडर छत्रपाल एनडीपीएस में प्रतिबंधित नशीली दवाओ को गैर कानूनी तरीके से बेचने का अपराध करता है। इस गिरोह का समाज से स्वच्छंद घूमना जनहित एवं न्यायाहित में उचित नहीं है।

**खुद को ..** आक्सीजन लि., रामपुर रोड, रुद्रपुर में बैठे थे। उनके मोबाईल नम्बर में किसी अज्ञात व्यक्ति का लगभग 11.53 बजे व्हाटसअप फोन आया। उसने अपने को पुलिस का अधिकारी बताकर उन्हें अपने झासे में ले लिया और परिवार के सदस्यों की झूठी गिरफ्तारी का दबाव बनाकर उनसे गूगल-पे के माध्यम से अस्सी हजार रूपये की धोखाधड़ी से ठगी कर अपने खाते में ले लिये। भुगतान गूगल-पे के माध्यम से हुआ है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**छह हजार लेने..** लो जिसका लिंक वह व्हाट्स एप पर भेज रहा है। जाकिर का कहना है उसने उक्त अज्ञात व्यक्ति के बताये पर ऐप डाउनलोड किया जैसे जैसे उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बताया गया वह वैसे करता रहा। चार दिन बाद उसके खाते से 99 हजार 999 रूपये की धनराशी उक्त अज्ञात व्यक्ति धोखाधड़ी करके निकाल ली गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

**विधवा से ..**उसके कान के कुडल छीन लिये और धमकी दी है कि जहाँ पर दिखेगी मार दूंगा। अगर पुलिस को बुलाया तो अच्छा नही होगा । जिस कारण उसे जान माल का खतरा बना हुआ है।

**चोरी की ..** और ओम प्रकाश पुत्र चन्द्र पाल मौलल्ला नगला खुशाली कासगंज यूपी बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कुमांऊ आयुक्त दीपक रावत ने किए बाबा ब्यानधूरा के दर्शन





टनकपुर (उद संवाददाता)।कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जनपद चंपावत भ्रमण के दौरान चंपावत जिले के टनकपुर क्षेत्रान्तर्गत लन्धोर से कढोल एवं कढोल से चार किलोमीटर पैदल चलकर बाबा ब्यानधूरा के किए दर्शन साथ मे जिलाधिकारी चंपावत नवनीत पाण्डे भी रहे मौजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 14 जनवरी मकर संक्रांति से 22 जनवरी को श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यकम तक प्रदेश में दीपावली की भांति ही विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देशों के क्रम में रविवार को आयुक्त, कुमाऊं दीपक रावत ने उत्तरायणी पर्व पर दिन रात चलने वाले श्री बाबा ब्यानधूरा मेले का शुभारंभ करते मंदिर मे पूजा अर्चना कर जनपद वासियों की सुख , समृद्धि हेतू प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने लन्धोर से कढोल की यातायात एवं कढोल से चार किलोमीटर बाबा ब्यानधूरा तक पहुंचने वाले पैदल रास्ते की व्यवस्थाओ का किया स्थलीय निरीक्षण, निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणो ने आयुक्त दीपक रावत एवं जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे का फुल मालायो से स्वागत करते हुए स्थानीय जन-समस्याऐ रखी जिसमे लढोर में डाडा हेतु आवा-जाही संपर्क झूलापुल,लन्धोर से कढोल तक यातायात व्यवस्था हेतु सड़क मार्ग निर्माण,मंदिर परिसर में पानी,विद्युत व्यवस्था,पैदल रास्ते की मरम्मत,बेहतर संचार व्यवस्था,मेला मैदान का सौन्दर्यीकरण, बाबा ब्यानधूरा से सैनापानी तक पैदल मार्ग की मरम्मत कार्य, के अलावा मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओ के अनुरूप जन सुविधाओ को बढ़ाने की बात रखी जिस पर आयुक्त ने सम्बंधित अधिकारिंयो को स्थलीय निरीक्षण करने के उपरांत समस्याओ का तत्काल समाधान करने हेतु डीपीआर बनाते हुए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ,कहा ताकि अगले साल होने वाले आयोजित मेले तक सभी समस्याओं का समाधान किया जा सके, कहा अच्छी व्यवस्था होने से जहा पर्यटन बढेगे वही स्थानीय ग्रामीणो को स्वरोजगार भी उपलब्ध होगा।आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान लन्धोर में वन चोकी का स्थलीय निरीक्षण,खाल - नोलो को देखा व संबंधित क्षेत्रीय वनाधिकारी को वन चोकी को सुव्यवस्थित एव स्थानीय चाल-खाल नोलो को व्यवस्थित स्वरूप रखने के निर्देश दिए। इस दौरान आयुक्त ने श्रद्धालुओं , स्थानीय महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों से वार्तालाप करते हुए क्षेत्र की तमाम जानकारी ली श्रद्धालुओ ने भी इस दौरान श्री ब्यानधुरा बाबा जी आवश्यक व्यवस्था को लेकर आयुक्त को अवगत कराया इसके उपरांत आयुक्त श्री ब्यानधुरा बाबा जी के दर्शन कर आठ किलोमीटर पैदल चलकर वापस सेनापानी पहुंचे, जहां पर शिव भक्त चंपावत द्वारा लगाए गए भंडारे के समिति के सदस्य ने जोरदार स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, क्षेत्रीय वनाधिकारी, तहसीलदार, कानूनगो , के अलावा संबंधित विभागों के अधिकारी, स्थानीय ग्रामीण ,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया कुश्ती दंगल का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा सिंह सभा बिंदुखेड़ा द्वारा विगत 70 वर्षो से आयोजित किया जाने वाला कुश्ती दंगल का विधायक शिव अरोरा ने शुभारम्भ किया। इस बार दंगल प्रतियोगिता में 215 पहलवानों अपनी किस्मत आजमाने मैदान में उतरे। जिसमें हरियाणा , पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड राज्यो के अलग अलग इलाकों से पहलवान शामिल हुए, दंगल का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने पहलवानों से हाथ मिलकर उनका उतत्सवर्धन करते हुए कुश्ती का प्रतियोगिता आरंभ करवाई, इससे पूर्व आयोजन कमेटी द्वारा विधायक शिव अरोरा को सभी पहलवानों से परिचय करवाया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि बिंदुखेड़ा में दंगल प्रतियोगिता कई दशकों से आयोजित होती आ रही है जिसको लेकर बिंदुखेड़ा ही नही आस पास के क्षेत्रों ने काफी दीवानगी नजर आती है, वही इस प्रकार के आयोजन से खेलभावना को



आगे बढ़ाने में खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और हुनरवान खिलाड़ियों को प्रतिभा को निखारने के लिये यह एक बेहतर माध्यम है, विधायक ने आयोजन कमेटी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी प्रधान व ग्राम प्रधान प्रीतम सिंह ,क्षेत्र पंचायत सदस्य गुरबाज सिंह ,इंद्रजीत सिंह, भजनीक सिंह, हरपाल सिंह जोगेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह ,प्यारा सिंह , जंगीर सिंह, संतोख सिंह, सुरजीत सिंह, बाबा बलविंदर, सिंह निशान सिंह, बलविंदर सिंह, बबलू मगत सिंह, हरप्रीत सिंह, अमरीक सिंह ,मलकीत सिंह, गुरमुख सिंह, भजन सिंह ,जोगिंदर सिंह, गुरचरण सिंह समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# जिला चिकित्सालय गेट पर बांटी खिचड़ी व लड्डू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित गणेश इको स्पेयर्स पार्ट्स फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े अधिकारियों द्वारा आज मकर संक्राति व घुघुतिया पर्व के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू राजकीय जिला चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर स्टॉल लगाकर लोगों को खिचड़ी व तिल के लड्डू का वितरण किया गया। उनका कहना था कि जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए गरीब परिवार के लोग अपने परिजनों



के साथ आते हैं। शुभ अवसर पर उन्हें प्रसाद वितरित करने से आत्मिक शांति का अनुभव होता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी यहां प्रसाद वितरित किया जा चुका है और भविष्य में गरीबों को प्रसाद वितरित किया जाता रहेगा। प्रसाद वितरित करने वालों में राजेश शर्मा, विशाल अवस्थी, कुमार राजेन्द्र, पवित्र, भगवत व प्रभुदयाल शर्मा आदि शामिल थे।

# हल्दूचौड़ में व्यापार मंडल चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी के नेतृत्व में चुनाव पर्यवेक्षक अजय कृष्ण गोयल, सह चुनाव अधिकारी अतुल कुमार गुप्ता ने हल्दूचौड़ व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें हल्दूचौड़ इकाई के चुनाव संपन्न करने के संबंध में व्यापारियों के साथ चर्चा की गई। हल्दूचौड़ में चुनाव कार्यालय का उद्घघाटन प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर के द्वारा किया गया। इस मौके पर राजकुमार केसरवानी ,



अजय कृष्ण गोयल , अतुल कुमार गुप्ता , खीम सिंह बिष्ट , भास्कर सुयाल , जीवन पांडे , योगेश जोशी, दीपक जोशी , राकेश सिंह धपोला, महेश चंद जोशी, योगेश दुमका , प्रमोद बमेठा आदि अनेक व्यापारी उपस्थित थे।

# स्व.पिता के जन्मदिन पर राहगीरों को बांटी खीर

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मकर संक्रांति पर्व एवं अपने स्वर्गीय पिता के जन्म दिवस उनकी बेटी द्वारा आज अपने प्रतिष्ठान के समक्ष राहगीरों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। जानकारी के अनुसार गंगापुर रोड़ तीन पानी डाम निवासी श्वेता आर्य के पिता स्वर्गीय मोहनराम आर्य का आज जन्म दिन है। इस उपलक्ष्य में श्वेता ने आज अपने स्व. पिता को नमन करते हुए रविन्द्रनगर के मुख्य मार्ग स्थित प्रतिष्ठान ब्यूटी सीक्रेट के समक्ष सैकड़ों राहगीरों को खीर का



प्रसाद वितरित किया। प्रसाद वितरण के इस पुण्यकार्य में उन्हें शिवानी, सोनी, राकेश कालड़ा, अशोक कालड़ा सहित कई लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

# बेहड़ की माता जी की पुण्यतिथि पर सजा कीर्तन दरबार

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड की माता स्वर्गीय श्रीमती राजप्यारी बेहड़ जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनके परिवार के द्वारा किच्छा विधानसभा के अंतर्गत धौराडाम क्षेत्र में ग्रामसभा नजीमाबाद ग्रामसभा के ग्राम जीरो बंदा स्थित गुरुद्वारे साहिब में दिनांक 12 जनवरी को अखंड पाठ रखाया गया तथा अखंड पाठ का भोग दिनांक 14 जनवरी को सुबह 11 बजे को किया गया। बेहड़ ने बताया कि वे हर वर्ष अपनी माता जी की याद में उनकी बरसी पर धार्मिक आयोजन कराया जाता है, जीरो बंदा गुरुद्वारे साहिब में ग्राम वासियों ने उनके चुनाव में जीतने की अरदास की गयी थी और उन्होंने यहाँ जीतने के बाद अरदास और लंगर की सेवा करने को कहा था जो सेवा आज माता जी की पुण्यतिथि के उपलक्ष में पूरी की गयी है।बेहड़ ने कहा धौराडाम क्षेत्र से मेरा पुराना नाता रहा है। इस क्षेत्र से मुझे हमेशा प्यार और सहयोग मिलता रहा है वे आगे इस क्षेत्र में और विकास करने हेतु लगातार प्रयासरत है। भारी संख्या में लोगों के पाठ उपरान्त पहुंचने पर धन्यवाद दिया। विधायक अरविन्द पांडे ने स्वर्गीय श्रीमती इन्होंहे अपने बच्चों को दिए है।इससे पूर्व कीर्तन दरबार सजाये गए जिसमे रागी एंव कथावाचक ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को गुरु के कीर्तन व प्रवचन के माध्यम से संगत को निहाल किया और नानकमत्ता साहिब के डरेक्टर निर्मल सिँह हँसपाल ने किया। इस दौरान गदरपुर विधायक अरविन्द पांडे,पूर्व सांसद बलराज पासी, दर्शन कोली,सरवर यार खान, सुरेश गंगवार,मेजर सिँह, अरुण शुक्ला,राजेश भूपेंद्र चौधरी, सुनील ठाकुर, गुड्डू तिवारी, गुलशन सिंधी, मीना शर्मा, सुरमुख सिँह, सतपाल गाबा,अनिल शर्मा,विनोद कोरंगा, बिशन सिँह कोरंगा,गोपाल नेगी, बलदेव सिँह, संजय जुनेजा, हरीश अरोरा, विजय फरियाद शाह, दानिश मलिक, मोहम्मद आरिफ,बंता सिँह,मनोज गाबा,अशोक सिड़ाना, बलवंत मांकिया, गगनदीप, भजन सिँह, बलवील सिँह, जसवीन्द्र सिँह, मोहन




राजप्यारी बेहड जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा की तिलक राज बेहड हमेशा अपने माता-पिता का आदर करते हुए नौजवानो को मां बाप की सेवा करने की सीख देते है और यें संस्कार आगे भी अरदास के साथ पाठ का भोग डाला गया ततोपरान्त प्रसाद के रूप में लंगर की सेवा की गयी जिसमे भारी तादात में महिलाओं, पुरुषो बच्चों और बजुर्गों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंच का संचालन गुरुद्वारा श्री प्रताप सिँह,दलजीत कक्कड़,पुष्कर राज जैन,सुरेन्द्र गांधी, रवि नागपाल, सौरभ बेहड, गौरव बेहड,संजीव सिँह,ओम प्रकाश दुआ, राजेंद्र सेतिया,ज्ञारसी अग्रवाल, अशोक चुघ ,सुरजीत प्रधान, यादव, लाला यादव, विबेक दीप सिँह, विवेक राय,विनोद सिड़ाना,गुरदास कालड़ा,दलीप सिँह बिष्ट, विनोद पंत,राजेंद्र सिँह, हरविंदर सिँह,जनार्दन सिँह,जितेंद्र संधू,राक्षपाल सिँह, सिँह, सतनाम सिँह,गुरदीप सिँह, जीवन जोशी, संजू बिष्ट, पूरन मेहरा, विवेक सक्सेना और दिनेश भाटिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सैकड़ो की तादात में आस पास के लोग उपस्थित रहे।